**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3456**
**(10 दिसंबर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**पीएमजीएसवाई के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को आबंटन**

**3456. श्री सुनील कुमार सोनीः**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत वर्ष 2019-20 में छत्तीसगढ़ राज्य में कुल कितनी सड़कों का निर्माण-कार्य पूरा किया जाएगा;
(ख) क्या इस लक्ष्य के अनुपात में आवंटित बजट में वृद्धि करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) बजट में आबंटित धनराशि में से अब तक कुल कितनी धनराशि प्रदान की गई है; और
(घ) राज्य को बकाया राशि कब तक प्रदान की जाएगी?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास मंत्री**
**(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क): छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य में वर्ष 2019-20 के दौरान वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क संपर्क परियोजना (आरसीपीएलडब्ल्यूईए) सहित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 700 सड़क कार्य पूरे करने का लक्ष्य है।

(ख): छत्तीसगढ़ राज्य के लिए पीएमजीएसवाई के अंतर्गत प्रारंभिक आवंटन 800 करोड़ रूपए था जिसे छत्तीसगढ़ सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर बढ़ाकर 1750 करोड़ रूपए किया गया है।

(ग) से (घ): छत्तीसगढ़ राज्य को 786.46 करोड़ रूपए की राशि पहले ही जारी कर दी गई है। राज्य द्वारा कार्यक्रम दिशा-निर्देशों में बाद की किस्तें जारी करने के लिए निर्धारित किए गए पात्रता मानदंडों को पूरा कर लिए जाने और राज्य से प्रस्ताव प्राप्त होने पर शेष राशि जारी कर दी जाएगी।

*****